न्यायालय जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर

अपील(सू.का.अ)संख्या 188/2025 बउनवानी कैलाश नारायण **बनाम** उप जिला कलेक्टर खण्डार
पुत्र श्री कन्हैयालाल शर्मा नि0 गीता भवन के पास शहर स0मा0

GCMS No-2025/364

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल जज
18.12.2025	पत्रावली पेश हुयी। अपीलान्ट नियत दिनांक को उपस्थित नही हुआ। अपीलान्ट द्वारा सूचना चाहने बाबत दिनांक 24.07.2025 को लोक सूचना अधिकारी एवं उप जिला कलेक्टर खण्डार को अधिनियम की धारा 6(1) के तहत प्रार्थना पत्र प्रेषित कर **"पट्टा एवं पट्टा से संबधित दस्तावेजों को उपलब्ध करवाने बावत्"** उप जिला कलेक्टर खण्डार से दिलाये जाने बाबत निवेदन किया था किन्तु संबंधित लोक सूचना अधिकारी द्वारा निर्धारित समयावधि में उसे चाही गयी सूचना उपलब्ध नही करवायी गयी है, जिसके कारण अपीलान्ट द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 की धारा 19(1)के तहत प्रथम अपील इस न्यायालय मे प्रेषित की गयी जो दर्ज रजिस्टर की जाकर सम्बन्धित लोक सूचना अधिकारी एवं उप जिला कलेक्टर खण्डार को तत्काल सूचना उपलब्ध कराने हेतु आदेशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी एवं उप जिला कलेक्टर खण्डार की ओर से प्रस्तुत जवाब नोटिस क्रमांकः–सूकाअ/अपील/25/2202 दिनांक 11.12.2025 का अवलोकन करने पर पाया गया कि प्रार्थना पत्र दिनांक 24.07.2025 मे चाही गयी सूचना का संबंध में नगरपालिका गंगापुर सिटी से होने के कारण प्रार्थना पात्र अधिनियम की धारा 6(3) के तहत अन्तरित किया जा चुका है। इस प्रकार चाही गयी सूचना का संबंध उपजिला कलेक्टर खण्डार के कार्यालय से नही होने के कारण अपीलान्ट को उपलब्ध नही करवायी गयी है। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का गहनता से अवलोकन व मनन करने के उपरान्त हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते है,कि अपीलान्ट द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 के तहत दिनांक 24.07.2025 को प्रेषित प्रार्थना पत्र मे चाही गयी सूचना का नगर पालिका खण्डार से होने के कारण उक्त सूचना उपजिला कलेक्टर खण्डार के कार्यालय से उपलब्ध करवाया जाना सम्भव नही है तथा अधिशाषी अधिकारी के विरूद्व प्रथम अपील की सुनवायी का क्षेत्राधिकार इस न्यायालय को प्राप्त नही है। अतः अपीलान्ट सक्षम ऑथर्टी के समक्ष अपील प्रस्तुत करे। ऐसी स्थिति मे अपील अपीलान्ट खाारिज की जात है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल अभिलेख की जावे। आज्ञा सुनायी गयी। (काना राम) जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर

Scanned with OKEN Scanner